**भारत सरकार**
**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय**
**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग**

**लोक सभा**
**तारांकित प्रश्न संख्या: *365**
**20 दिसंबर, 2024 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर**

## तमिलनाडु में कैंसर अस्पताल की स्थापना

***365. डॉ. एम. के. विष्णु प्रसाद:**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या तमिलनाडु के कुड्डालोर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में एक केंद्रीय सरकारी अस्पताल स्थापित करने की आवश्यकता है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ख) क्या सरकार को कुड्डालोर जिले और उसके आसपास व्याप्त कैंसर के अत्यधिक मामलों की जानकारी है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री**
**(श्री जगत प्रकाश नड्डा)**

(क) और (ख): विवरण सदन के पटल पर रख दिया गया है।

**20 दिसंबर, 2024 के लिए लोक सभा तारांकित प्रश्न सं.365 के उत्तर में उल्लिखित विवरण**

(क) और (ख): केंद्र सरकार विशिष्ट स्वास्थ्य परिचर्या स्तर पर कैंसर देखभाल के लिए सुविधाओं को बढ़ाने के लिए कैंसर विशिष्ट स्वास्थ्य परिचर्या केंद्र सुदृढ़ीकरण योजना कार्यान्वित करती है। इस योजना के तहत, 19 राज्य कैंसर संस्थानों (एससीआई) और 20 कैंसर विशिष्ट स्वास्थ्य परिचर्या केंद्रों (टीसीसीसी) को मंजूरी दी गई है। 14 एससीआई और 18 टीसीसीसी काम कर रहे हैं और रोगी स्वास्थ्य परिचर्या सेवाएं प्रदान कर रहे हैं।

उपर्युक्त योजना के तहत, तमिलनाडु में, अड्यार, चेन्नई में राज्य कैंसर संस्थान की स्थापना की गई है। कुल 120 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता स्वीकृत की गई है, जिसमें केंद्र का हिस्सा 72 करोड़ रुपये शामिल है। प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना (पीएमएसएसवाई) के तहत, मदुरै में एक एम्स को मंजूरी दी गई है। इसके अलावा, पास में, जवाहरलाल स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान और अनुसंधान संस्थान (जिपमेर), पुडुचेरी उच्च स्तरीय कैंसर उपचार प्रदान कर रहा है।

तमिलनाडु राज्य सरकार ने बताया है कि राजा मुथैया सरकारी मेडिकल कॉलेज और कुड्डालोर स्थित जिला मुख्यालय अस्पताल में सामान्य कैंसरों की पुष्टि और चरण-निर्धारण (स्टेजिंग) के लिए बुनियादी जांच की सुविधा उपलब्ध है। इसके अलावा कुड्डालोर से 50 किलोमीटर की दूरी पर स्थित विल्लुपुरम मेडिकल कॉलेज अस्पताल में ऑन्कोलॉजी विभाग कैंसर के इलाज के लिए कोबाल्ट टेलीथेरेपी यूनिट से सुसज्जित है।

तंजावुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल से संबद्ध क्षेत्रीय कैंसर केंद्र, जो कुड्डालोर से लगभग 150 किलोमीटर दूर है, पीईटी सीटी जैसी उच्च स्तरीय निदान और लिनैक टेलीथेरेपी और ब्रैकीथेरेपी जैसी उपचार सेवाओं से सुसज्जित है।

तमिलनाडु राज्य सरकार ने बताया है कि तमिलनाडु कैंसर रजिस्ट्री परियोजना (टीएनसीआरपी)-2019 के नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, कुड्डालोर में क्रूड इंसीडेंस रेट (सीआईआर) 90.5 है, जो राज्य के औसत सीआईआर 96.6 से कम है।

गैर-संचारी रोगों हेतु राष्ट्रीय कार्यक्रम के तहत राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन में तीन सामान्य कैंसरों, अर्थात् मुख कैंसर, स्तन कैंसर और गर्भाशय ग्रीवा कैंसर की जांच, निदान और उपचार शामिल है। राज्य सरकार ने सूचित किया है कि उन्होंने कुड्डालोर और तमिलनाडु के बाकी हिस्सों में सभी सरकारी संस्थानों में तीन सामान्य कैंसर अर्थात् गर्भाशय ग्रीवा कैंसर, स्तन कैंसर और मुख कैंसर के लिए जांच सेवाएँ स्थापित की हैं।

******